उज्जैन
सोमवार
18
मार्च, 2024
मूल्य- 1.50 रु. ■ वर्ष-10 ■ अंक-133
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।
अर्थ: यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

आरएसएस के सरकार्यवाह के पद पर फिर चुने गये दत्तात्रेय होसबले

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को दत्तात्रेय होसबले को एक बार फिर सरकार्यवाह निर्वाचित किया है। आरएसएस ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि होसबले 2021 से सरकार्यवाह हैं और उन्हें 2024 से 2027 तक की अवधि के लिए पुनः इस पद पर चुना गया है। आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की शुरूआत यहां रेशिमबाग में स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार को हुई। नागपुर में संघ मुख्यालय में छह साल के बाद यह बैठक हो रही है। दत्तात्रेय होसबले मूल रूप से कर्नाटक के शिवमोगा के रहने वाले हैं। वह 1973 में आरएसएस के संपर्क में आए।

अरुणाचल और सिक्किम में अब 4 की बजाय 2 जून को होगी वोटों की गिनती

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में होने वाले विधानसभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदल दी है। इलेक्शन कमीशन ने पहले काउंटिंग की तारीख 4 जून घोषित की थी। इसे बदलकर अब 2 जून कर दिया है। दोनों राज्यों में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दोनों राज्यों में विधानसभा कार्यकाल 2 जून को खत्म हो रहा है इसलिए तारीख बदली गई। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले 16 मार्च को इलेक्शन कमीशन ने चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था।

आईपीएल 2024 खेलने विराट कोहली लंदन से भारत लौटे

नई दिल्ली। विराट कोहली लंदन से भारत लौट आए हैं। इसका मतलब ये है कि किंग कोहली करीब 2 महीने बाद आईपीएल के जरिए एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विराट कोहली को आईपीएल 2024 से पहले अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में शामिल होने के लिए लंदन से भारत लौटते समय मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरू होने से ठीक पहले ही विराट ने टीम इंडिया से छुट्टी ले ली थी।

विदेशी निवेशकों ने मार्च में अब तक 40,710 करोड़ के शेयर खरीदे

नई दिल्ली। विदेशी निवेशकों यानी एफपीआई ने मार्च में अब तक 40,710 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वृहद आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत आंकड़ों से विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयरों के प्रति आकर्षण बरकरार है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। कुल मिलाकर इस साल अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 16,505 करोड़ रुपये डाल चुके हैं। इस दौरान विदेशी निवेशकों ने 10,383 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप मामले में एफआईआर दर्ज

रायपुर। लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ने वाली है। महादेव एप मामले में ईओडब्ल्यू ने भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया हैं। जिसके बाद एक बार फिर राजनीति पारा चढ़ गया है। इस मामले में जवाब देने के लिए पूर्व सीएम बघेल ने प्रेस वार्ता भी बुलाई है। बता दें कि इस एफआईआर में भूपेश बघेल के अलावा महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 16 अन्य लोगों का नाम शामिल है।

गुजरात : भीड़ ने हॉस्टल में नमाज पढ़ रहे विदेशी छात्रों पर किया हमला

नई दिल्ली। गुजरात यूनिवर्सिटी के ए ब्लॉक कैंपस में कुछ दंगाई तत्वों ने अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेशी छात्रों पर हमला कर दिया। दावा किया जा रहा है कि नमाज पढ़ने को लेकर इन छात्रों पर हमला किया गया। यह हमला उस वक्त किया गया जब छात्र नमाज पढ़ रहे थे। इस हमले में पांच अंतरराष्ट्रीय छात्र घायल हो गए हैं। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कथित तौर पर मामले को लेकर गुजरात के शीर्ष पुलिस अधिकारियों से बात की है और उन्हें जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं। देर रात हुई इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी कैंपस में दहशत का माहौल देखने को मिला।

इंदौर जल अभाव क्षेत्र घोषित

गर्मी के दस्तक देते ही पहला संकट

बिगड़ते हालात देख प्रशासन ने नलकूप खनन पर लगाई रोक, सांवेर देपालपुर में सर्वाधिक जल दोहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जिले के देपालपुर व सांवेर जैसे इलाकों में कृषि कार्य के लिए अत्यधिक भूजल दोहन हो रहा है। गर्मी के दस्तक देते ही यह पहला संकट जल अभाव के रूप में सामने आया है। दिसंबर 2023 में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में इंदौर जिले में 119.3 प्रतिशत भूजल दोहन का आकलन किया गया है। यानि प्राकृतिक रूप से जितना जल पुर्नभरण हो रहा है, उसके मुकाबले हम 19.3 प्रतिशत अधिक भूजल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी वजह से जिला प्रशासन ने अब इंदौर जिले को जल अभाव क्षेत्र घोषित कर नए नलकूप खनन पर रोक लगा दी है।

कलेक्टर आशीष सिंह ने इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कलेक्टर ने मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) में विहित प्रविधानों के अनुरूप जिले के शहरी एवं ग्रामीण संपूर्ण क्षेत्र को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 18 मार्च से 30 जून 2024 तक प्रतिबंध लगाया गया है।

अवैध रूप से नलकूप खनन करने वालों पर संबंधित राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज की जाएगी। मशीनों को जब्त भी करेंगे। अपर कलेक्टर अपने क्षेत्र के अंतर्गत अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुमति दे सकेंगे। इस तरह के प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर दो हजार रुपये के जुर्माने तथा दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है।

शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत किए जाने वाले नलकूप खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्य योजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य लोकसभा निर्वाचन 2024 की लागू आचार संहिता का पालन करने की शर्त पर कार्य कराया जा सकेगा।

इंदौर नगरीय क्षेत्र में भूजल की स्थिति सुधरी है और शहरी क्षेत्र में भूजल निर्भरता कम हुई है। पिछले वर्षों में शहर में नर्मदा पेयजल लाइन का क्षेत्र बढ़ा है, वहीं कई इलाकों में भूजल पुनर्भरण भी हुआ। सांवेर व देपालपुर क्षेत्र में गेहूं की उपज ज्यादा होने के कारण कृषक सिंचाई के लिए भूजल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में कृषि को जागरूक कर उन्हें स्प्रिंकलर या ड्रिप इरिगेशन के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। उन्हें इस तरह के संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। इसके अलावा कम जल उपयोग कर ज्यादा फसल उपजाने का अभियान भी इन क्षेत्रों में लागू होना चाहिए।

भूजल दोहन सबसे कम महू में

90 से 100 प्रतिशत
तक जल दोहन होता है इंदौर नगरीय क्षेत्र में

70 से 90 प्रतिशत
तक जल दोहन होता है महू क्षेत्र में

100 से 130 प्रतिशत
तक जल दोहन होता है सांवेर व देपालपुर में

इंदौर में 100 फीट नीचे पहुंचा पानी

जल प्रबंधन विशेषज्ञ सुरेश एमजी के अनुसार हमने एक माह पहले पहले रिंग रोड स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होलकर कालेज में रेजिस्टिविटी जियोलाजिक सर्वे किया था। इन दोनों पर जब एक माह बाद पुनः सर्वे किया तो भी पता चला कि भूजल 80 से 100 फीट नीचे पहुंच गया है। जिन इलाकों में भूजल पुर्नभरण पर कार्य हुआ है, वहां भूजल स्तर की स्थिति ठीक है।

खाता न बही, अफसर जो करे वो सही

उज्जैन नगर निगम में 116 करोड़ की सड़कों के काम की दरों का अनुमोदन बिना भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री के गृह नगर उज्जैन में एक अलग राजनीतिक जुमला चल पड़ा है। बोला जा रहा है कि खाता न बही, अफसर जो करे वो सही। असल वजह यह है कि नगर निगम द्वारा सात सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। सीएम के हाथों से इसका भूमिपूजन भी करा लिया गया हैं मगर महापौर और लोक निर्माण समिति प्रभारी से इनकी दरों का अनुमोदन ही नहीं कराया गया।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील होने से पहले इन सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन कराने की जल्दी इतनी रही कि टेंडर की दरों का नियमानुसार अनुमोदन नहीं कराया। विशेषज्ञ अधिकारियों की राय है कि लोक निर्माण समिति प्रभारी और महापौर से दरों का अनुमोदन कराने के बाद ही काम कराया जा सकेगा।

प्रोजेक्ट सेल रिटायर्ड ऑफिसर को

प्रोजेक्ट सेल और कॉलोनी सेल के कार्य निगम आयुक्त ने रिटायर्ड अधिकारी पियूष भार्गव को दे दिए हैं। भार्गव की विगत दिनों ही नगर निगम में वापसी हुई है।

सरकारी स्कूलों में कैसे बनेगा विद्यार्थियों का भविष्य..?

शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल एक ही शिक्षक को पढ़ाने पढ़ रहे चार-चार विषय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में संचालित होने वाले सरकारी स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए भोपाल का भी दरवाजा कई बार खटखटाया है लेकिन बताया जा रहा है कि बीते तीन-चार सालों से शिक्षकों का टोटा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है और ऐसी स्थिति में एक ही शिक्षक को चार-चार विषयों को पढ़ाने का बोझ है।

सवाल अब यह उठता है कि स्कूली शिक्षा विभाग के अधिकारी भी यह स्वीकार करते है कि विशेषकर ग्रामीण अंचलों में शिक्षकों की कमी बहुत अधिक है। कई बार तो यह स्थिति बन जाती है कि यदि कोई शिक्षक छुट्टी पर रहता है तो उसकी जगह कोई दूसरा शिक्षक पढ़ाने के लिए तैयार नहीं रहता है क्योंकि पहले से ही उस शिक्षक के पास चार-पांच विषय होते हैं। हालात यह हो जाते हैं कि जब तक संबंधित विषय का शिक्षक स्कूल नहीं आ जाता तब तक उस विषय की पढ़ाई ही नहीं हो पाती है।

इनका कहना है

शिक्षकों की कमी है और शिक्षण कार्य करने में निश्चित ही परेशानी आती ही है। ग्रामीण अंचलों में शिक्षकों की कमी अधिक है। भोपाल भी पत्र लिखे जा चुके हैं।

गिरीश तिवारी, एडीपीसी

जिले की स्थिति

जिले में 101 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल हैं, जिनमें विषयवार शिक्षकों के स्वीकृत पदों में से करीब पांच सौ से अधिक पद रिक्त पड़े हुए है। 718 माध्यमिक स्कूलों में विषयवार शिक्षकों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध पद रिक्त पड़े हुए है। जिन स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है वहां संकुल स्तर से शिक्षकों को अटैच कर और अतिथि शिक्षकों को रख कर शिक्षकों की पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। पोर्टल पर कई प्रधानाध्यापकों और प्राचार्यों ने सही एंट्री नहीं की, जिसके कारण संबंधित स्कूलों में शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने या निधन होने के बाद भी रिक्त हुए पदों की जानकारी ही प्रदर्शित नहीं हो पा रही है। हालांकि अभी परीक्षाएं खत्म हो गई है और शिक्षा विभाग के अफसरों को उम्मीद है कि नवीन शिक्षा सत्र में कुछ हद तक शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी, लेकिन बताया जा रहा है कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया ही आगे नहीं बढ़ेगी तो शिक्षकों की कमी दूर कैसे हो सकेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का तंज

कांग्रेस के पास चुनाव लड़ने वालों का टोटा, न सेना बची, न सेनापति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय होने जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इस चुनाव में एनडीए के 400 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं आज पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि अबकी बार 400 पार भाजपा का मंत्र नहीं है। ये जनता की उद्घोषणा है। धारा 370 समाप्त करके जो काम भाजपा ने किया है इससे 370 सीट भाजपा और एनडीए 400 के पार जाएगी। राहुल गांधी तो ऐसे कप्तान हैं उन्हें पता ही नहीं कि कब क्या करना चाहिए। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए तो वे यात्रा करते हैं। जब यात्रा करना चाहिए तो विदेश में छुट्टी मनाते हैं और चुनाव हारने के बाद ईवीएम- ईवीएम चिल्लाते हैं। कांग्रेस की ये हालत देखकर कांग्रेस के नेता लगातार कांग्रेस छोड़ते जा रहे हैं।

पूर्व सीएम ने आगे कहा कि कांग्रेस की दशा इतनी खराब है कि कांग्रेस की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। उनकी राज्य सभा में बैकडोर से एंट्री हुई है। जिसके सर्वोच्च नेता का आत्मविश्वास हिल गया हो उस पार्टी का क्या होगा ये कल्पना की जा सकती है।

कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं

उन्होंने कहा कि 2019 में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था और अमेठी से खुद राहुल गांधी चुनाव हार गए थे। अगर इतिहास देखें तो 2014 के बाद एक के बाद लगभग 50 चुनाव कांग्रेस हारी है। उनके मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस छोड़ दी। कई जगह उनके पास उम्मीदवार नहीं है। कांग्रेस ऐसी दल बन गई है जिसके पास ना सेना बची है न सेनापति। चुनाव लड़ने वालों का टोटा पड़ा हुआ है।

झारखंड : राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं, 6 साल पुराने केस में इस अदालत ने 27 को किया तलब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चाईबासा

झारखंड में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 27 मार्च 2024 को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश जारी किया है। यह मामला 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी द्वारा 2018 में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिसको लेकर चाईबासा में भाजपा के नेता प्रताप कटियार द्वारा चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में वाद दायर किया गया था।

विशेष सुविधा : इंदौर-हावड़ा के बीच चलेगी 3-3 ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए पश्चिम रेलवे ने होली त्योहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर-हावड़ा-इंदौर के मध्य तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

यह रेल भोपाल मंडल से होकर गुजरेगी। होली स्पेशल ट्रेन 09335 इंदौर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन दिनांक 15, 22 एवं 29 मार्च को इंदौर से रात 11:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 3:30 बजे संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना एवं रास्ते के अन्य स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन रविवार 7 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 09336 हावड़ा-इंदौर होली स्पेशल ट्रेन 17, 24 एवं 31 मार्च को हावड़ा स्टेशन से रविवार सुबह 11:05 बजे प्रस्थान कर रास्ते के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सोमवार को दोपहर 1:00 बजे संत हिरदाराम नगर एवं शाम 6:20 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी।

राष्ट्रपति चुनाव में जीतते ही पुतिन ने दी तीसरे विश्वयुद्ध की चेतावनी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रुस

व्लादिमीर पुतिन ने रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है, जिसके बाद पुतिन का पांचवी बार रूस का राष्ट्रपति बनना तय हो गया है। सोमवार को नतीजों की घोषणा होने के बाद पुतिन ने अपने पहले संबोधन में पश्चिमी देशों को धमकी देते हुए तीसरे विश्वयुद्ध की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन में अगर संघर्ष हुआ तो इसका मतलब ये है कि यह दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध से महज एक कदम दूर होगी और शायद ही कोई ऐसी परिस्थिति देखना चाहता है।

कूनों में मादा चीता गामिनी ने 5 नहीं 6 शावकों को दिया जन्म

अब कूनो पार्क में 14 शावक अब यह पुष्टि हो गई है कि दक्षिण अफ्रीकी चीता गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता गामिनी ने 5 की बजाए 6 चीतों को जन्म दिया है। पार्क में निगरानी के दौरान चीते का एक और शावक मिला है। इसे मिलाकर कूनो नेशनल पार्क में शावकों की संख्या अब 14 हो गई है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर इस आशय की जानकारी पोस्ट की है। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को वन विभाग के अमले को गश्त के दौरान 5 चीता शावक ही नजर आए थे।

वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में इन शावकों सहित 27 चीते मौजूद हैं। कूनो नेशनल पार्क में गामिनी द्वारा जन्मे शावकों की खुशी एक सप्ताह बाद और दुगनी हो गई है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पोस्ट किया है कि कूनो प्रबंधन की खुशी का कोई अंत नहीं है क्योंकि गामिनी द्वारा जन्मे शावक 5 नहीं, बल्कि 6 हैं।

गामिनी से पांच शावकों के जन्म की खबर के एक हफ्ते बाद, अब यह पुष्टि हो गई है कि दक्षिण अफ्रीकी चीता गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया है, जो पहली बार मां बनने वाली के लिए एक तरह का रिकॉर्ड है। गामिनी के छह शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं।

न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।

भावार्थ : ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।

खबर एक नजर...

इंदौर संसदीय क्षेत्र में वोटिंग 13 मई को, मतगणना 4 जून को होगी

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा 2024 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया हैं। तद्नुसार इंदौर संसदीय क्षेत्र में 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा। मतों की गिनती का कार्य 4 जून 2024 (मंगलवार) को किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल (गुरूवार) को जारी होगी। इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल (गुरूवार) रहेगी। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) का कार्य 26 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगा। अभ्यर्थी 29 अप्रैल 2024 (सोमवार) तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा और 4 जून (मंगलवार) को मतगणना होगी।

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी किये गये आदेश

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु धारा-144 के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। तद्नुसार बगैर अनुमति के धरना, जुलूस, आमसभा, रैली आदि आयोजनों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत भी आदेश जारी किये गये है। इस आदेश के तहत संपूर्ण जिले में रात्रि दस बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर एवं ध्वनि विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम-1994 के पालन कराने के लिये भी आदेश जारी किये गये है। इस अधिनियम के अनुसार बगैर अनुमति के किसी भी भवन या परिसर में संपत्ति विरूपित करने संबंधी सामग्री अथवा लेखन नहीं किया जा सकता है। निर्वाचन के मद्देनजर संपत्ति विरूपण संबंधी सामग्री/ लेखन आदि हटाने के लिये कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिये विभिन्न दस्तों का गठन किया गया है।

मंदिर के पास शराब दुकान का रहवासियों ने किया विरोध

इंदौर। बाणगंगा इलाके में मानसिक चिकित्सालय से शिफ्ट होकर भगत सिंह कालोनी में शराब दुकान आने से रहवासी नाराज हैं। शुक्रवार रात को लोगों ने जमकर विरोध किया। दुकान हटाने को लेकर लोग सड़क पर उतर आए। रहवासियों का कहना है कि पहले जहां दुकान थी, वहां भी लोगों का काफी विरोध रहा है। उसके चलते दुकान को यहां शिफ्ट कर दिया गया है। खाटू श्याम और दुर्गा माता मंदिर से महज 50 फीट दूर शराब दुकान आने से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। ब्रिज के पास दुकान होने से दिनभर क्षेत्र में यातायात बाधित रहेगा। शराबियों की वजह से महिलाओं का यहां से निकलना भी मुश्किल हो चुका है। रात में शराबियों के डर से महिलाओं ने घर से निकलना बंद कर दिया है। लक्ष्मीनारायण पनेरी और आदित्य पांडे का कहना है कि दुकान हटाने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा। दुकान खुलने से क्षेत्र में फिर एक बार नशे को लेकर बढ़ावा मिल रहा है। यहां के युवा धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। इससे यहां अपराध बढ़ने लगे हैं।

पालतू बंदर ने युवक को काटा स्कूल संचालक पर केस दर्ज

इंदौर। बंदर के काटने पर पुलिस ने स्कूल संचालक के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। घायल युवक का आरोप है कि बंदर स्कूल संचालक का पालतू है। उसकी लापरवाही से बंदर ने जगह-जगह काट कर घायल कर दिया। बाणगंगा थाना पुलिस के मुताबिक, घटना भवानी नगर कालोनी की है। बंदर के हमले में मगरखेड़ा निवासी 31 वर्षीय ताराचंद परमार घायल हुआ है। ताराचंद के मुताबिक, करीब साढ़े तीन बजे स्कूल की छत पर खाना खाने गया था। छत पर बंदर आया और हथेली, कलाई, अंगुलियों में काट कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने मामले में स्कूल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस के मुताबिक रहवासियों ने बयानों में पुष्टि की और बताया कि बंदर संचालक ने पाला था।

सीज मकान किराए पर दिया, प्रकरण दर्ज

इंदौर। बैंक डिफाल्टर ने सीज मकान के साथ छेड़छाड़ की है। राऊ थाना पुलिस ने आरोपित पर केस दर्ज किया है। मामला स्टेशन रोड़ का है। आइडीएफसी फर्स्ट बैंक की तरफ से शिकायत की गई है। कैट रोड़ निवासी दीपक के खिलाफ केस दर्ज किया है। दीपक ने जिस मकान पर लोन लिया उसकी किस्तें जमा नहीं की। बैंक ने डिफाल्टर घोषित कर मकान सीज कर लिया। आरोपित ने सील तोड़कर मकान किराए पर दे दिया।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अधिकारियों की समिति का गठन

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने ए.बी. रोड स्थित इन्डस्ट्रीज हाउस इन्दौर में हुई गंभीर अग्नि दुर्घटना के दृष्टिगत इन्दौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत 15 मीटर से ऊंचे समस्त (एन.बी.सी पार्ट 04 की कंडिका क्रमांक-1.2 में तथा उल्लेखित सभी भवनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रावधानित) निर्मित एवं संचालित शासकीय एवं गैर शासकीय भवनों एवं बहुमंजिला भवनों में अग्नि दुर्घटना की रोकथाम हेतु सुरक्षा उपायों की नियमानुसार स्थापना एवं संधारण/संचालित किये जाने के संबंध में इन्दौर जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु अधिकारियों की समिति का गठन किया है।

12वें वार्षिक खेल स्पर्धा का आयोजन 18 मार्च तक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तीन दिवसीय खेल (स्पर्धा) में विभिन्न संस्थानों के 240 खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया जिसमें सिमबायोसिस यूनिवर्सिटी, रेनेसा यूनिवर्सिटी, एक्रोपोलिस कोलेज, आईपीएस डीएवीपी सेंटपाल, एमआरएससी, एमआईएसटी होलकर कॉलेज, और वैष्णो कॉलोज, आईएनआईएफडी, आरपी महेश्वर कॉलेज, प्रेस्टीज लॉ, यूपी, पीजी, सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर इत्यादि रहे।

इस स्पर्धा में विभिन्न खेलो जैसे वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस (महिला और पुरुष) का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि ओम सोनी जो कि एक टे.टे. खिलाड़ी है और मप्र ओलंपिक एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट हैं। अध्यक्ष्यता डॉ. देवाशीष मलिक, वरिष्ठ निदेशक पीआईएमआर इंदौर ने की।

इस अवसर पर सलिल सैन गुप्ता, रजिस्ट्रार, पीआईएमआर इंदौर और प्रो. अमिताभ जोशी एलएमपी, कोडिनेटर, पीआईएमआर इंदौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्पर्धा समन्वयक डॉ. सालू कोटवानी, छात्र लव माली, पवन, आकाश, आशीष पटेल, काशी व अभिषेक पाटील ने किया। स्पर्धा का संचालन आयोजन सचिव राकेश सिंह खेल अधिकारी ने किया। स्पर्धा में निर्णायकों की भूमिका शतरंज में सर्तक सक्सेना, टेबल टेनिस में (आईसी मोरिया) मुख्य अतिथि और बैडमिंटन में विनय वरसेर ने निभाई। इस उद्घाटन समारोह को सफल बनाने के लिए प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर के सभी फैकल्टी और छात्र उपस्थित हुए।

इंदौर में 16 वर्षीय लड़की ने की खुदकुशी परिजनों ने लगाया दुष्कर्म व हत्या का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विद्यानगर झोपड़पट्टी में 16 वर्षीय लड़की ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। दो युवकों पर हत्या और दुष्कर्म का आरोप है। एक युवक से किशोरी के प्रेम संबंध थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम को नशीली सामग्री मिली है। लड़की ने जहर खाया या नशे का ओवरडोज था, यह स्पष्ट नहीं हुआ है।

डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना के मुताबिक, लड़की को रविवार सुबह घर वाले गंभीर अवस्था में एमवाय अस्पताल ले गए थे। डाक्टर ने वीडियो कथन लिए तो उसने कहा कि गलती से जहर की

गोलियां खा ली। उसने दुष्कर्म और मारपीट से इनकार किया। परिजनों द्वारा आरोप लगाने पर पुलिस ने चंदन और चीटू के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली। रात में चंदन को गिरफ्तार कर लिया। चंदन नशे का आदी है। उसका युवती से प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। दोनों ही नशे के आदी हैं। पुलिस को झोपड़ी से नशीली सामग्री मिली है।

लड़की के शरीर पर थे चोट के निशान

घरवालों ने कहा कि लड़की के शरीर पर चोट के निशान थे। उसकी पिटाई की गई है। दुष्कर्म भी हुआ है। पुलिस ने रात में एफआईआर दर्ज कर चंदन को पकड़ लिया। चंदन और चीटू के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। दोनों ही नशा करते हैं। लड़की को भी नशे की लत लग चुकी थी। सूत्रों के मुताबिक, लड़की के परिजनों ने चीटू से संबंध रखने पर आपत्ति ली थी।

पैनल करेगी पीएम

मामला प्रेम प्रसंग का है। लड़की के मृत्यु पूर्व कथन हो चुके हैं। आज डाक्टर की पैनल से पोस्टमार्टम चल रहा है। पीएम की वीडियोग्राफी भी होगी।

कपड़े अस्त-व्यस्त और बेहोशी की अवस्था में थी लड़की

लड़की के पिता नहीं है। मां मूसाखेड़ी में रहती है। वह नानी और छोटी बहन के साथ रहती थी। शनिवार को मौसी के दसवें में गए थे। देर रात लौटे तो लड़की बेहोश मिली। उसके कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे। चंदन और चीटू झोपड़ी में ही बैठे थे। नानी ने फटकार कर पूछा तो दोनों भाग गए। तड़के पांच बचे लड़की को उल्टियां हुई। मां को कॉल कर बुलाया और एमवाय अस्पताल ले गए। सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।.

पुलिस ने जानबूझकर नहीं कर रही गिरफ्तार, कार्रवाई हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

ओएनजीसी के रिटायर्ड महाप्रबंधक ने मप्र हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति को पत्र याचिका भेजकर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र याचिका में कहा है कि धोखाधड़ी के आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने स्थायी वारंट जारी किया हुआ है, उसे पुलिस जानबूझकर नहीं पकड़ रही है। याचिका में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है।

पत्र याचिका नरेंद्र कुमार जोशी ने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी एवं जालसाजी के आरोपी मनोज त्रिवेदी ने उनके साथ 38 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। यह रकम आरोपी ने फरियादी से वृद्धाश्रम के लिए जमीन दिलवाने और उस पर भवन बनाने में मदद करने के लिए लाभकारी निवेश का झांसा देकर अलग-अलग खातों में जमा करवाई थी। मामला जिला न्यायालय में लंबित है। इसमें आरोपी का स्थायी वारंट जारी हुआ है।

पुलिस ने दिया वीआइपी ट्रीटमेंट- याचिका में कहा है कि फरियादी को पता चला कि आरोपी मनोज द्विवेदी जबलपुर में एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाला है। इस पर फरियादी के आग्रह पर आजाद नगर पुलिस थाने के दो पुलिसकर्मी वहां गए और उसे कार से इंदौर लाने के लिए निकले भी। दोनों पुलिसकर्मियों को पता था कि आरोपी मनोज रास्ते में भाग सकता है, बावजूद इसके उन्होंने उसे वीआइपी ट्रिटमेंट दिया और अलग कार से इंदौर आने दिया। लापरवाही के चलते आरोपी भोपाल से फरार हो गया। याचिका में मांग की गई है कि विधि विरुद्ध आचरण करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

खातीपुरा पंढरीनाथ थाने के पास रोजाना लगता है कई घंटों जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सड़क पर कंबल के ढेर से रोजाना सुबह से शाम तक यातायात जाम रहता है। दुकानदारों को समझाइश दी गई नतीजा सिफर रहा। कुछ दिनों तक पुलिस की ड्यूटी भी यहां थी। अब यहां सड़क पर सुबह से शाम तक वाहन चालक अपनी गाड़ी निकलने के लिए मशक्कत करते रहते हैं।

दरअसल सरवटे टू गंगवाल सड़क निर्माण को लेकर अभी तक खातीपुरा पंढरीनाथ थाने के पास के सड़क में बाधक निर्माण नहीं हट पा रहे हैं। यहां रोजाना कई घंटों जाम लगा रहता है और वाहन चालक इधर-उधर गलियों से होकर बमुश्किल गुजर पाते हैं।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शामिल सरवटे से गंगवाल बस स्टैंड तक सड़क निर्माण को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी निरीक्षण किया था। मौके पर अधिकारियों को निर्देश भी दिए थे सड़क अधूरी है और कब पूरी होगी? इसका निगम अधिकारी से लेकर ठेकेदार कंपनी जवाब नहीं दे पा रहे हैं। आज भी खातीपुरा मेन रोड से लेकर पंढरीनाथ थाने की ओर मात्र 15 फीट गली का रास्ता है। यहां रोजाना सुबह से लेकर शाम तक यातायात बाधित होता है। दुकानदार सड़क पर ही कंबल व अन्य सामग्री पटक देते हैं और दोनों और उसे वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। एकांगी मार्ग होने के बावजूद यहां पर सुधार नहीं है जहां पहले पुलिस पंढरीनाथ थाने की ओर ट्रैफिक जवान तैनात रहते थे फिर बाद में वह भी हट गए। अब कई घंटों तक वाहन चालक अपना वाहन निकालने के लिए यहां मशक्कत करते रहते हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि कमिश्नर व स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ हमने पैदल भ्रमण किया है। चंद्रभागा पुल के आसपास छोटा-मोटा काम चल रहा है। यह भी जल्द पूरा होगा। इसके बाद खातीपुरा सड़क में बाधक दोनों और के मकान दुकान हटाए जाएंगे।

मध्य प्रदेश में जहां विधानसभा चुनाव हारी, वहां भाजपा की विशेष तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो वर्ष 2019 के आम चुनाव में 29 में से 28 सीटों पर जीतने वाली भाजपा के लिए मध्य प्रदेश की 10 लोकसभा सीटें चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। इनमें छिंदवाड़ा, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, टीकमगढ़, मंडला, बालाघाट, रतलाम, धार और खरगोन लोकसभा सीट शामिल है। इन संसदीय क्षेत्रों में आने वाली विधानसभा सीटों में से अधिकांश पर पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था।

छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी सातों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस जीती थी। विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने पहले हुए हैं और यदि मतदाताओं का वही मूड रहता है तो इन लोकसभा सीटों पर कड़ा संघर्ष होने की पूरी संभावना है। इस बीच, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने इन सीटों पर मैदानी स्तर पर चुनावी जमावट शुरू कर दी है। यह और बात है कि चुनावी तैयारी में बीजेपी आगे है। भाजपा ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने केवल 10 प्रत्याशी घोषित किए हैं। कड़े संघर्ष वाली केवल चार सीटों पर ही फिलहाल कांग्रेस प्रत्याशी का नाम तय हुआ है।

भाजपा ने मजबूत प्रत्याशी उतारे

मुरैना, मंडला, धार और खरगोन की पांच-पांच, भिंड, ग्वालियर, बालाघाट, रतलाम लोकसभा क्षेत्र की चार-चार, टीकमगढ़ की तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा हारी है। ऐसे में इन सीटों पर भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मिले परिणामों के अनुरूप तैयारी की है। इन लोकसभा सीटों पर पार्टी ने मजबूत प्रत्याशी भी उतारे हैं।

पांच सीट भाजपा के लिए सुरक्षित

पांच लोकसभा सीट भाजपा के लिए सुरक्षित मानी जाती हैं। विधानसभा चुनाव में भी यहां के मतदाताओं ने सभी सीटों पर भाजपा को चुना है। खजुराहो, होशंगाबाद, देवास, इंदौर और खंडवा लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटें भाजपा जीती है। इनके अलावा सागर, दमोह, रीवा, सीधी, जबलपुर, विदिशा और मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में केवल एक-एक विधानसभा सीट पर भाजपा हारी है।

आदिवासी अंचल में आज से भगोरिया हाट, मांदल की थाप पर थिरकेंगे पांव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आदिवासी अंचल के झाबुआ, आलीराजपुर और धार जिले में आज से भगोरिया लोक उत्सव का उल्लास छाएगा। एक सप्ताह तक नगर, कस्बे और ग्राम में हाट-बाजार के दिन भगोरिया मेले लगेंगे। हजारों की संख्या में पारंपरिक परिधान में आदिवासी समाजजन इन मेलों में शामिल होंगे तथा ढोल-मांदल की थाप और बांसुरी की तान पर जमकर थिरकेंगे। बता दें कि होली के एक सप्ताह पूर्व से आदिवासी अंचल में भगोरिया मेले की परंपरा है। इन मेलों में प्राचीन आदिवासी संस्कृति देखने को मिलती है। आज सोमवार को झाबुआ व आलीराजपुर जिलों में आलीराजपुर शहर, चंद्रशेखर आजादनगर, पेटलावद, रंभापुर, मोहनकोट, कुंदनपुर, रजला, बडागुडा व मेड़वा में भगोरिया मेला लगेगा।

इन तारीखों में लगेंगे भगोरिया के हाट

18 मार्च- आलीराजपुर, आजाद नगर, पेटलावद, रंभापुर, मोहनकोट, कुंदनपुर, रजला, बडागुडा व मेड़वा।
19 मार्च- बखतगढ़, आम्बुआ, अंधारवाड़, पिटोल, खरडू, थांदला, तारखेड़ी व बरवेट।
20 मार्च- बरझर, खट्टाली, चांदपुर, बोरी, उमरकोट, माछलिया, करवड़, बोड़ायता, कल्याणपुरा, मदरानी व ढेकल।
21 मार्च- फुलमाल, सोंडवा, जोबट, पारा, हरिनगर, सारंगी, समोई व चैनपुरा।
22 मार्च- वालपुर, कट्ठीवाड़ा, उदयगढ़, भगोर, बेकल्दा, मांडली व कालीदेवी।
23 मार्च- नानपुर, उमराली, राणापुर, मेघनगर, बामनिया, झकनावदा व बलेड़ी।
24 मार्च- छकतला, कुलवट, सोरवा, आमखुंट, झाबुआ, झिरण, ढोल्यावाड़, रायपुरिया, काकनवानी व कनवाड़ा।

■ वर्ष-10 अंक-133 मूल्य- 1.50 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | आर एन आई क्रमांक 2013/57651

महाकाल नगरी उज्जैयनी से प्रकाशित

भारत सरकार द्वारा प्रमाणित

देश का नं. 1

संस्कृत समाचारपत्रम्

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवारः 18 मार्च, 2024

यदा यदा हि धर्मस्य
ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य
तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

बाबा महाकाल

भस्मारतिः श्रृंगारः दर्शनम्

अवन्तिकायां विहितावतारं मुक्तिप्रदानाय च सज्जनानाम्।
अकालमृत्योः परिरक्षणार्थं वन्दे महाकालमहासुरेशम्।

जो भगवान शंकर संतजनों को मोक्ष प्रदान करने के लिए अवन्तिकापुरी उज्जैन में अवतार धारण किए हैं, अकाल मृत्यु से बचने के लिए उन देवों के भी देव महाकाल नाम से विख्यात महादेव जी को मैं नमस्कार करता हूँ। नमस्कार करता हूँ।

सम्पादकीयम्

तीव्रगत्या परिवर्तितम्

बिहारराजनीत्यां घटनाचक्रं पुनः तीव्रगत्या परिवर्तितम्। विगतकेषु दिनेषु मीडियासु स्रोतांसि उद्धृत्य पदार्पृष्ठे प्रचलन्ति क्रियाकलापाः च रविवासरे समाप्तिं प्राप्तवन्तः, यदा भव्यगठबन्धनस्य मुख्यमन्त्री नीतीशकुमारः राजीनामा दत्त्वा कतिपयेषु घण्टेषु एव एनडीए-सङ्घस्य मुख्यमन्त्रीरूपेण शपथं गृहीतवान्। नीतीशकुमारः नवमवारं बिहारस्य मुख्यमन्त्रीरूपेण शपथं कृतवान्। सः समकालीनराजनीत्यां अत्यन्तं अनिवार्यः नेता इति वक्तुं शक्यते यत् सः बहुवारं मित्रपक्षं परिवर्तयति तथापि मुख्यमन्त्रीरूपेण स्वीकार्यः एव अस्ति। सः पूर्वं द्विवारं एनडीए-पक्षं त्यक्तवान्, तथापि पुनः अस्मिन् समये भाजपा-एनडीए-योः समर्थनं कृत्वा तस्य सर्वकारस्य निमार्णं कृतम्। अवश्यमेव अस्य पृष्ठे बिहारस्य वर्तमानराजनैतिकस्थितेः भूमिका अस्ति। त्रयाणां बृहत्दलानां मध्ये मतबैङ्कानां समीकरणं तादृशं यत् कोऽपि एकः दलः स्वयमेव सर्वकारस्य निमार्णं कर्तुं न शक्नोति। भाजपा राजद च व्यासरूपेण विपरीतभूमिकायां स्तः, अतः परस्परं हस्तं स्थापयितुं न शक्नुवन्ति। एतादृशे सति जदयू यस्य सह हस्तं संयोजयति, तस्य सर्वकारे भागं ग्रहीतुं अवसरः प्राप्यते। एतस्याः परिस्थितेः लाभं गृहीत्वा जदयू कदाचित् भाजपा-सङ्गठनेन कदाचित् राजद-सङ्गठनेन सह हस्तं मिलित्वा सर्वकारस्य निमार्णं कुर्वन् आसीत्। रोचकं तत् अस्ति यत् जेडीयू-सङ्घं विशेषं स्थानं ददाति एतत् समीकरणं परिवर्तयितुं प्रयत्नाः।

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।

भावार्थ : हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है, और संभालने से घटता है।

अलङ्कारशास्त्रविमर्शः इति विषयिका राष्ट्रीयकार्यशालायाः समापनं जातम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जयिनी

डॉ.दिनेश चौबे, उज्जयिनी

उज्जयिनीस्थमहर्षिपाणिनि संस्कृतवैदिकविश्वविद्यालयस्य विशिष्टसंस्कृतविभागेनायोजिताष्ट दिवसीया अलङ्कारशास्त्रविमर्शः इति विषयिका राष्ट्रीयकार्यशालायाः समापनं 15-03-2024 तमे दिनाङ्के पूर्वाह्णे 11:00 वादने सञ्जातम्। आदौ दीपप्रज्वलन - वैदिकमंग लाचरण - कुलगानञ्च अभवत्। मुख्यातिथिरुपेण समागतः कालिदाससंस्कृत- अकादमी, इत्यस्य निदेशकः डॉ.गोविन्दगन्धेमहोदयः उक्तवान् यत् काव्यगतसौन्दर्यवृद्धिकारकमेव अलङ्कारः कथ्यते। वस्तुतः वर्णनशैली एव अलङ्कारः भवति। यतोहि अनेन अलङ्कार संख्यायां वृद्धिरपि भवति। एवमेव हि अलङ्कारशास्त्रस्य विभिन्नविषयानामध्ययनस्य आवश्यकता विद्यते। शास्त्रचिन्तनेनैव शास्त्रसंरक्षणं भवितुं शक्यते। सारस्वतातिथिरुपेण समागता डॉ. वन्दनात्रिपाठीमहोदया सेवानिवृत्ता, आचार्या, शासकीय कन्यामहाविद्यालयः, उज्जयिनी अनयापि कथितं यत् शब्दार्थयुक्त्या, प्रभावी, रोचकतापूर्ण, काव्यशोभा वर्णनमेवावलङ्कारः। सभाध्यक्षीयोद्बोधने मान्यः कुलपतिः प्रो.विजयकुमारसीजी वयः उक्तवान् यत् भारतीयकाव्यशास्त्रस्य तात्पर्यं सस्कृतकाव्यशास्त्रमेवास्ति। अन्यभारतीयभाषासु संस्कृतस्य मूलसिद्धान्तमेव स्वीकृतमस्ति। विभिन्नैः सम्प्रदायसंस्थापकाचार्यैः भारतीयसंस्कृतकाव्य-साहित्यस्य विभिन्नावयवव्याख्या कृतास्ति। कार्यक्रमस्य संयोजिका डॉ.पूजा उपाध्यायामहोदयया प्रतिवेदनपत्रं प्रस्तुतम्। सञ्चालनम् आभारञ्च सुश्रीपूजागौर कृतवती।

शास्त्रार्थमाध्यमेनैव भारतीयज्ञानपरम्परा संरक्षिताऽस्ति - आचार्यः हरेरामः त्रिपाटी

उज्जयिनीस्थमहर्षिपाणिनि संस्कृतवैदिकविश्वविद्यालये नवदेहलीस्थकेन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य अष्टादशीपरियोजनान्तर्गत राष्ट्रियशास्त्रार्थकौशलप्रशिक्षण विषयिका कार्यशालायाः समारम्भः विश्वविद्यालयस्य योगेश्वरश्रीकृष्णभवने अभवत। कविकुलगुरुकालिकाससंस्कृत विश्वविद्यालयस्य कुलपतिः आचार्यः हरेरामत्रिपाठीमहोदय : मुख्यातिथिरूपेण समागत्य स्वकीय सम्बोधने उक्तवान् यत् एवमेवातिप्राचीनकालतः प्रश्नोत्तरमाध्यमेन शास्त्रविधिना शास्त्रसंरक्षण भारते संरक्षितं वर्तते। येनाद्य अस्माकं ज्ञानपरम्परा समृद्धा विद्यते। सभाध्यक्षीयोद्बोधने कुलपतिः आचार्यः विजयकुमारसीजी महोदयः कथितवान् महाराज्ञः विक्रमस्य नवरत्नरूपेण नानाशास्त्रपण्डिताः अत्रैव अभूवन् एते विश्वप्रसिद्धाः आसन्। सारस्वतातिथिः आचार्यः श्यामदेवमिश्रमहाभागः न्यायवेदव्याकरणज्योतिषादि शास्त्राणां महत्त्वं प्रतिपादितवान्। संयोजकः परियोजनान्वेषकः डॉ. तुलसीदासपरोहा वाचिकस्वागतं कृत्वा प्रस्तावना प्रस्तुतीकरणपूर्वकं सविस्तरेण शास्त्रार्थपरम्परा तथा संप्रति एतस्यावश्यकताऽपि प्रतिपादितवान्। संचालनञ्च प्राध्यापकः डॉ. गंगाशरणव्यासः कृतवान्। कुलसचिवः डॉ.दिलीप सोनीमहोदयेन धन्यवादज्ञापनं कृतम्।

राशिफल

मेष : घरेलू वस्तुओं की खरीदारी का प्लान बना सकते हैं। अपने काम पर फोकस करें। ऑफिस में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

वृष : जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकता है, चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना है।

मिथुन : क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव रहेंगे। बातचीत में संयत रहें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा।

कर्क : पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

सिंह : काम के सिलसिले में यात्रा के योग बनेंगे। आज रिलेशनशिप में बहुत सावधानी बरतें। रिश्तों में गलतफहमियां ज्यादा बढ़ने न दें।

कन्या : परिवार में धार्मिक कार्य होंगे, किसी मित्र के सहयोग से संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। संचित धन में कमी आएगी।

तुला : पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं, माता का सहयोग मिलेगा। माता से धन प्राप्ती के योग हो सकते हैं।

वृश्चिक : खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। पुराने मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

धनु : ऑफिस में चैलेंजिंग टास्क को कंपलीट करने के लिए नई रणनीति बनाएं। परिजनों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर : माता से विचारों में मतभेद हो सकते हैं लेकिन धन प्राप्ती भी है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ : जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीनः नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है, आय में वृद्धि होगी। रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है।

कर्करोगचिकित्सायां घोटाला : 5000 रुप्यकाणां रिक्तं शीशी

100 रुप्यकाणां औषधं तस्मिन् स्थापयति, मूल्यं 1 लक्षरूप्यकाणि यावत् भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दिल्लीपुलिसस्य अपराधशाखाना नकलीजीवनरक्षककर्क्कटरसायन चिकित्साऔषधानां रैकेटं बस्ट् कृत्वा ८ आरोपिणः गृहीताः, येषु द्वौ जनाः प्रसिद्धस्य कैंसरचिकित्सालये कर्मचारीः इति कथ्यते। अभियुक्तानां कृते प्रायः ४ कोटिरूप्यकाणां ७ अन्तर्राष्ट्रीयाः २ भारतीयब्राण्डस्य च कर्करोगस्य औषधानि पुलिसैः बरामदितानि सन्ति।

दिल्लीपुलिसस्य अपराधशाखायाः गुप्तसूचना प्राप्ता आसीत् यत् एषः समूहः प्रसिद्धब्राण्ड्-देशस्य नकली-औषधानि निर्माय महता मूल्येन रोगिभ्यः विक्रयति इति। अस्य

प्रकरणस्य सूचनां प्राप्य अपराधशाखायाः डीसीपी अमितगोयलस्य नेतृत्वे एकं दलं निर्मितम्। यदा अस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं आरब्धम् तदा ज्ञातं यत् अस्य गिरोहस्य मास्टरमाइण्ड् विफिल् जैन नामकः व्यक्तिः अस्ति, सः डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स्, मोतीनगरस्य द्वयोः ईडब्ल्यूएस फ्लैट् इत्यस्मात् एतत् रैकेट् चालयति। अस्मिन् फ्लैट्-मध्ये नकली-कर्क्कट-औषधानां शीशीः पुनः पूर्यन्ते। एतस्याः सूचनायाः आधारेण पुलिसैः डीएलएफ कैपिटल ग्रीनस् इत्यस्य फ्लैट्-मध्ये छापा मारयित्वा विफिल् जैन-सूरज-नामकं व्यक्तिं गृहीतम्। सूरजः कर्करोगस्य औषधानां पॅकेजिंग, शीशानां पूरणे च कार्यं करोति स्म। तत्रैव पुलिसैः बहूनां नकलीकर्क्कटौषधानि अपि प्राप्तानि सन्ति। छापेमारीयां पुलिसैः ओप्डायटा, केट्टुडा, डेक्स्ट्रोज, फ्लुकोनाजोल् ब्राण्ड् इत्यस्य नकलीकैंसरइञ्जेक्शनस्य १४० पूरिताः शीशीः ५०,००० रुप्यकाणि नकदरूपेण च १००० अमेरिकीडॉर्ल, ३ कैप् सीलिंग् मशीन्, १ हीट् गन मशीन्, पैकेजिंग् सहितं १९७ रिक्तं शीशी च बरामदं कृतम्। अन्यवस्तूनि अपि पुनः प्राप्ताः सन्ति। पुलिस-अनुसारं बरामदानां शीशानां विपण्यमूल्यं प्रायः १.७५ कोटिरूप्यकाणि इति कथ्यते। पुलिस-परीक्षायां नीरजचौहान-नामकः व्यक्तिः तेभ्यः रिक्तं इन्जेक्शन-शीशीं प्रदाति इति ज्ञातम्। अभियुक्तयोः विफिल् सूरजयोः आज्ञानुसारं गुरुग्रामस्य दक्षिणनगरस्य एकस्मिन् स्थाने पुलिसैः द्वितीयः छापामारी कृता। नीरज चौहान नामक व्यक्तिः गृहीतः। छापेमारीयां केट्टुडा, इन्फिन्जी, टेसेन्ट्रिक, पेजेर्टा, ओप्डाइटा, डाजार्लेक्स एण्ड् एर्बिटक्स इत्यस्य १३७ शीशाः बरामदः, केट्टुडा, इन्फिन्जी, टेसेन्ट्रिक, पेजेर्टा, ओप्डाइटा, डाजार्लेक्स एण्ड् फेस्गो इत्यस्य ५१९ रिक्त शीशाः बरामदः अभवन् एतेन सह ८६४ रिक्तपैकेजिंगपेटिकाः प्राप्ताः ।

राजस्थानः ईडी इत्यनेन पेपर लीक माफिया

बाबूलाल कटारा इत्यस्य सम्पत्तिः जब्धः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थाने पेपर लीक माफियाविरुद्धं प्रवर्तननिदेशालयेन कार्यवाही तीव्रता कृता अस्ति। इदानीं ईडी पेपर लीक माफिया इत्यस्य पकडं कठिनं करोति। अस्मिन् श्रृङ्खले इदानीं ईडी इत्यनेन राजस्थानलोकसेवाआयोगस्य पूर्वसदस्यस्य बाबूलाल कटारा इत्यस्य सम्पत्तिः जब्तवती अस्ति। अद्य बाबूलाल कटारस्य तस्य पुत्रस्य दीपेशकतरस्य च सम्पत्तिषु कार्यवाही कृता। तस्य सम्पत्तिः भारतसर्वकारस्य नाम्ना स्थानान्तरिता अस्ति।

ईडी इत्यनेन बाबूलाल कटारा इत्यस्य पुत्रस्य दीपेशस्य च सम्पत्तिषु डुङ्गरपुरजिल्लामुख्यालये एकं वाणिज्यिकं भूखण्डं प्राप्तम्। यह व्यावसायिक भूखण्ड डूंगरपुर के राजपुर विस्तार योजना में खसरा नम्बर 1229 स्थित है। दीपेशकतारस्य नाम्ना क्रीतभूमिः अपि ईडी अधिग्रहणं कुर्वन् अस्ति। अस्य अन्तर्गतं भटपुरग्रामस्य ४०१ ४०२ नम्बरं खसरा अपि ईडी इत्यनेन स्वस्य कब्जां कृतम् अस्ति। दीपेशस्य नाम्ना ग्रामे स्थितानां ५१५, ५१६, ५१७ क्रमाङ्कानां अन्येषां खसरा-सङ्ख्यानां भूमिषु अपि ईडी-संस्थायाः कार्यवाही कृता अस्ति। एतेषां अतिरिक्तं मालपुरग्रामे स्थितस्य दीपेशकटारा इत्यस्य खातासङ्ख्या ११० भूमिः अपि ईडी इत्यनेन स्वस्य कब्जे गृहीता अस्ति। मालपुरग्रामस्य खसरा नम्बर ७०३, ७०७ तथा खसरा नम्बर ४६९, ४७०, ४७१ इत्येतयोः सम्पत्तिषु एषा कार्यवाही कृता अस्ति।

ज्योतिष/वास्तु

होली से पहले इन राशि वालों मिल सकती है खुशखबरी

18 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में मकर राशि के जिन लोगों की परीक्षा नजदीक है, उन्हें रिवीजन का काम बहुत तेजी से करना है। मेष से मीन राशि के लोग पढें कैसा रहेगा आने वाला हफ्ता।

इस सप्ताह की शुरूआत में चंद्रमा मिथुन राशि में रहेंगे तो वहीं सप्ताह के दूसरे दिन कर्क राशि में पहुंच कर 22 तारीख को सिंह राशि में गोचर करेंगे, कन्या राशि के लोगों को जल्दबाजी के चलते करियर में नुकसान उठाना पड़ सकता है, जो भी कदम बढ़ाएं, सोच समझकर ही आगे चलें वहीं मीन राशि के व्यापारी वर्ग को आर्थिक मामलों को लेकर गंभीर रहने की सलाह दी जाती है, अनावश्यक खर्च परेशान कर सकते हैं।

मेष - मेष राशि के लोग काम संबंधी गलतियों को लेकर सतर्क रहें, क्योंकि गलती होने से आपके आगे के कामों पर प्रश्न उठाए जा सकते हैं। व्यापार में किये गए प्रयास 22 तारीख से शुभ परिणाम देंगे, आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा। युवा वर्ग आराम को आलस्य में न बदलने दें, आराम करें लेकिन उतना ही जितने की आपके शरीर को जरूरत हो। संतान से जुड़ी किसी बड़ी समस्या का परिवार की मदद से समाधान करने में सफल होंगे। शारीरिक कष्ट इस सप्ताह न के बराबर रहेगा, लेकिन फिर भी आपको सेहत का ध्यान रखना है।

वृष - इस राशि के लोगों को दुविधाएं को दूर करने के रास्ते मिलेंगे, बड़ी अधिकारियों की सलाह आपके लिए मददगार साबित होगी। व्यापारी वर्ग लोन लेने के लिए अप्लाई कर सकते हैं, संभावना है कि जल्दी ही आपके हाथ में लोन की धनराशि होगी। युवा वर्ग की बात करें तो उनका यह सप्ताह ज्ञानवर्धक तथा उत्तम साहित्य पढ़ने में व्यतीत होगा। व्यय की अधिकता होने से चिंता में वृद्धि हो सकती है, चिंता आपको इतना ज्यादा प्रभावित करेगी जिसके चलते सेहत में गिरावट आएगी। सेहत की बात करें तो सैर सपाटा को महत्व दें, खुली हवा में वक्त बिताने से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मिथुन - मिथुन राशि के लोग काम तो बहुत लगन से करेंगे, लेकिन सप्ताह के अंत में आप कुछ परेशान हो सकते हैं, क्योंकि आपकी अपेक्षाएं ज्यादा थी और काम उतना होगा नहीं। व्यापारी वर्ग की बात करें तो नए स्टार्टअप में हाथ आजमाना ठीक रहेगा।। पार्टनर से किसी भी तरह का वादा करने से पहले, इस बात की स्वयं में पुष्टि जरूर कर लें कि आप कहा हुआ पूरा कर सकेंगे भी कि नहीं। ग्रहों की स्थिति को देखते हुए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि अर्थात खरीदारी का विचार बना सकते हैं, या खरीद सकते है। हेल्थ को ध्यान में रखते हुए वॉक करना आपके लिए बहुत जरूरी है, सुबह कुछ देर ही सही पर वॉक के लिए जरूर जाएं।

कर्क - इस राशि के लोगों को उच्चाधिकारियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा, अपने काम से उनकी नजरों में प्रभावशाली इमेज बनाने में कामयाब रहेंगे। सरकारी क्षेत्र से जुड़कर जो लोग कारोबार करते हैं, उनके लिए सप्ताह तनावपूर्ण हो सकता है। युवा वर्ग को दूसरों की बातों से भ्रमित नहीं होना है, आप उसी दिशा में आगे बढ़े जो आपको उचित लगती है। पिता या भाई के साथ काम के उद्देश्य से किसी यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। मौसमी बीमारियों के प्रति सचेत रहें और अपनी दिनचर्या, खान-पान आदि का बहुत ध्यान रखें।

सिंह - सिंह राशि की वर्किंग महिलाओं के लिए सप्ताह कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है, घर और ऑफिस के काम मैनेज करने में कुछ मुश्किलें आ सकती है। ऐसे व्यापारी जो तेल मसाले का काम करते हैं, उन्हें अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। जिन युवाओं के लव रिलेशन में कुछ दरार आ गई है, उनके रिश्ते में सुधार होता दिखाई दे रहा है। माता-पिता की सेवा भाव में लीन नजर आएंगे, उनकी जरूरतों को पूरा करने की जिम्मेदारी अपने हाथों लेंगे। हेल्थ में सड़क दुर्घटना होने की आशंका है, यदि पैदल चलते है तो मोबाइल का प्रयोग सड़क पर न करें, और वाहन भी सामान्य स्पीड में चलाएं।

कन्या - कन्या राशि के लोगों को जल्दबाजी के चलते करियर में नुकसान उठाना पड़ सकता है, सोच समझकर कदम बढ़ाएं। कारोबारियों पर काम बढ़ सकता है, इस सप्ताह कर्मचारियों की संख्या में कमी होने की भी आशंका है। नकारात्मक ग्रहों की स्थिति को देखते हुए युवा वर्ग की मेहनत का क्रेडिट कोई और ले सकता है, इस ओर सतर्क रहें। संतान की उपलब्धि से जुड़ी शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है, जो परिवार के मान सम्मान में वृद्धि कराने का काम करेगी। सेहत में जिन लोगों को इंफेक्शन हो चुका है, उन्हें जितना हो सके घर पर ही रहकर इस सप्ताह काम करने चाहिए।

तुला - तुला राशि के लोगों के सप्ताह की शुरूआत शुभ सूचना से होने की संभावना है, मनचाहे स्थल पर ट्रांसफर से जुड़ी भी सूचना मिल सकती है। व्यापारी वर्ग के लिए सप्ताह की शुरूआत अच्छी रहेगी, लेकिन मध्य में कुछ मंदी देखने को मिल सकती है। पार्टनर के लाइफ स्टाइल और उनके पहनावे को लेकर प्रश्न करने के बजाय, उनको और उनकी पसंद को भी पसंद करने के प्रयास करें। यदि कोई बात परेशान कर रही है तो उसे अपनों के साथ साझा करें, निश्चित रूप से आपको कुछ बेहतर सुझाव मिलेंगे। सेहत में पानी का सेवन अधिक करना है, क्योंकि डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है।

वृश्चिक - इस राशि के जो लोग दूसरों को जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराने का काम करते हैं, उन्हें कार्यक्षमता बढ़ाने पर फोकस करना है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले लोगों के काम बनने की संभावना है। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह सप्ताह कई अच्छी उपलब्धियों को दर्शा रहा है, छात्र शिक्षा के दम पर आगे बढ़ते हुए नजर आएंगे। परिवार में सामंजस्य बैठाने के लिए, जीवनसाथी का भरपूर योगदान रहेगा। उनके सुझाव और मदद आपके लिए मददगार साबित होंगे। सेहत में इस सप्ताह शुगर पेशेंट को अपना ध्यान रखना है, दवा समय पर लेनी है।

धनु - धनु राशि के जो लोग पेशे से वकील है, उन्हें सोच समझकर किसी भी केस की कमांड अपने हाथों में लेनी चाहिए।। यदि कारोबार को लेकर कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे थे, तो आपका पक्ष मजबूत होता दिखाई दे रहा है। युवा वर्ग कंपटीशन की तैयारी करने का विचार बना सकते हैं, ऐसे में अपने गुरू या ज्ञानी व्यक्ति के साथ विचार विमर्श जरूर करें। बचत करने पर जोर देने के साथ उधारी चुकाने पर फोकस करें, यदि उधारी रिश्तेदारी में ली है तो संबंध खराब होने की आशंका लग रही है। सेहत में वृद्ध महिलाएं घुटने के दर्द से परेशान हो सकती हैं, साथ ही जिन लोगों की हाल में ही सर्जरी हुई है वह साफ सफाई को लेकर खास सतर्क रहें।

मकर - मकर राशि के जो लोग कैश कलेक्ट करते हैं, उन्हें जर्नल एंट्री करते रहना है क्योंकि हिसाब किताब को लेकर कुछ भूल होने की आशंका है। ग्राहकों के साथ हुई नोकझोंक आपके काम के साथ आपकी छवि को भी प्रभावित कर सकती है, इस ओर अलर्ट रहे। जिन लोगों की परीक्षा नजदीक है, उन्हें रिवीजन का काम बहुत तेजी से करना है। अभिभावकों को संतान के मामले में किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना है। सेहत में जिन लोगों को थायराइड की समस्या है, वह इस सप्ताह कमर दर्द और मोटापे को लेकर कुछ ज्यादा परेशान हो सकते हैं।

कुंभ - कुंभ राशि के लोगों को ऑफिस के काम में बहुत अधिक मेहनत करने के बजाय, कार्य की टेक्निक को समझकर काम करना चाहिए। व्यापारी वर्ग के लिए इस सप्ताह यात्रा का दौर जारी रहेगा, काम के सिलसिले में एक स्थान से दूसरे स्थान आना जाना बना रह सकता है। युवा वर्ग करियर को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे, क्या करें? किस क्षेत्र में अपने प्रयास बढ़ाए इसे लेकर कुछ दुविधा में रह सकते हैं। ननिहाल पक्ष से कुछ कहा सुनी होने की आशंका है, रिश्तों की मयार्दा भंग न होने पाए इस बात का पूरा ध्यान रखना है। सेलिब्रेशन के साथ सेहत का भी ध्यान रखना है, दिनचर्या का पालन करते रहना है।

मीन - मीन राशि के लोग संगति में सुधार करते हुए उन लोगों से दूर रहे, जो अपने साथ-साथ आपको भी गलत चीजों की आदत डाल रहे हैं। व्यापारी वर्ग को आर्थिक मामलों को लेकर गंभीर रहने की सलाह दी जाती है, अनावश्यक खर्च परेशान कर सकते हैं। युवा वर्ग को आस-पास के लोगों के साथ मेल-मिलाप बढ़ाना चाहिए, क्योंकि आपका थोड़ा बहुत सामाजिक होना बहुत जरूरी है। घर के सदस्यों द्वारा पैतृक संपत्ति के बंटवारे की बात करी जा सकती है, न चाहते हुए भी आपको कुछ फैसले लेने पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से सप्ताह लगभग सामान्य ही रहने वाला है, बस हाइजीन रहे।

वर्ग पहेली

बाएँ से दाएँ

1. अल्लाह, करीम, परवरदिगार, मालिक, मौला, रब, रहमान, रज्जाक
2. एक वैदिक देवता
3. आहार मात्रा; एक समय में भोजन, पेय आदि लेने की मात्रा
4. आत्महत्या, आत्मघात
5. हत्यारा, कातिल, कातिल, हन्ता, वधक, वधिक
6. मारकाट, मार-काट, कटाकटी, रक्तपात
7. धाव, धाइ, धवाई, ताम्रपुष्पी, धुरंधर, धुरन्धर, सीधुपुष्पी, शिजवा, शुक्ल, शुक्लवृक्ष, सिंदूरी; औषध के काम आनेवाला एक जंगली पेड़
9. नशा, मद
10. तागा, सूत, डोरा, डोर, सूता, सूत्र, तन्तु, तंतु, तंत्र
11. अहंकार, घमंड, घमण्ड, अकड़, दर्प, अभिमान, गरूर, गुरूर, गुरुर, गरूर, गुमान, गर्व, मान, दंभ, दम्भ, मद, मगरूरी, ऐंठ, ऐंठन, शेखी, शेखी, शान, अनति
12. पाकेट, पॉकेट, खीसा, घूघी
13. ज्येष्ठ मास, शुक्र, शुचि, ज्येष्ठमास
14. खेड़ी, आँवल, गर्भ झिल्ली, जरायु, उल्व, अंबल, कलल, गर्भनाल, लिझड़ी, अपरा, अमरा
15. ईमानदारी, सच्चाई, सच्चापन, दयानतदारी
16. पशुओं विशेषकर घोड़े की खाँसी

ऊपर से नीचे

1. सुलेख, सुलेखन, खुशखतिया; सुन्दर लिखने वाला
2. वीर्य, बीज, शुक्र, हीर, मज्जारस, वृष्ण्य, शुचीरता, शुचीर्य, शुटीर्य, रेत, रेत्र, रेतन, रेतस्;
3. हर्ष, परितोष, प्रफुल्लता, फरहत, तफरीह, तफरीह, शादमनी, प्रसन्नता
4. सुसमाचार, अच्छी खबर, शुभ संदेश, शुभ समाचार, सुसंवाद, मंगल-समाचार, इंजील
5. रक्त, रुधिर, लहू, लोहू, शोणित, अश्र, रसभव, वृजिन
8. उपाधि, पदवी, लकब, लकब, अभिहिति;
9. स्वार्थी, मतलबी,
10. . प्रतिष्ठा, इज्जत, इज्जत, आदर, सम्मान, मान-सम्मान, पूछ, रुतबा, नाम, नाक, मयार्दा, आनबान, अस्मिता, आबरू, लाज, आन-बान; पलाश, पलास, किंशुक, टेसू, टेसुआ, ढाक
11. समृद्धि, संपन्नता, सम्पन्नता, समृद्धता, समृद्धिपूर्णता, धनधान्यपूर्णता,
12. इस्राइल की राजधानी
13. पाकिटमार, जेबकतरा, गिरहकट, पाकेटमार
15. सुगंध, सुगन्ध, गमक, सुवास, सौरभ, सुरभि, परिमल, परमल

पिछली वर्ग पहले का हल

खबर एक नजर...

ट्रेन से लापता हुई नाबालिग तीनबत्ती चौराहा पर मिली

उज्जैन। बीती शाम सर्कल भ्रमण पर निकले नीलगंगा टीआई विवेक कनोडि?ा को कुछ लोगों ने तीन बत्ती चौराहा तेजनकर अस्पताल के पास बहदवास हालत में एक नाबालिग के होने की जानकारी मिली। वह तत्काल तीनबत्ती चौराहा पहुंचे और बालिका से पूछताछ की। उसने अपना नाम पता बताया और परिजनों के साथ आगरा से भोपाल जाते समय बिछड?ा बताया। बालिका की हालत भूख से काफी खराब दिखाई दे रही थी, उसे थाने लेकर पहुंचे लेकिन वह चक्कर खाकर गिर गई। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार की शुरूआत की। नाबालिग से मिले पते और मोबाइल नबंर के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी गई। भोपाल से परिजन देर रात उज्जैन पहुंच गये थे। उनका कहना था कि तीन दिनों से बालिका की तलाश कर रहे थे। ट्रेन में सफर करते समय बिछड़ गई थी। बताया जा रहा है कि बालिका पूरी तरह से सकुशल है। परिजनों बेटी के मिलने पर पुलिस का धन्यवाद दिया।

आत्महत्या के लिये उकसाने वाले दंपति गिरफ्तार, भेजा जेल

उज्जैन। एमआर-5 मार्ग नागेश्वरधाम में रहने वाले मोहित पिता विजय शर्मा 42 वर्ष ने 17 जुलाई 2023 को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने जांच के बाद मामले में इंदौर के महू स्थित शांतिनगर में रहने वाले दंपति चेतन्य वशिष्ठ, उसकी पत्नी और डॉ. फारूख शाह निवासी ग्राम बिछड़ोद हाल मुकाम पुष्पांजलीनगर आगररोड के खिलाफ 31 जनवरी 2024 को धारा 306, 34 का प्रकरण दर्ज किया था। एसआई आर.आर. चौहान ने बताया कि दंपति सहित आरोपित बनाए गये डॉ. को रविवार सुबह गिर तार किया गया। जिन्हे दोपहर में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। तीनों ने मोहित को 2017 में 108 ए बुलेंस के पीथमपुर में बनने वाले उपकरण और पाटर्स का करोबार करने के लिये 17 लाख रुपए ले लिये थे। रुपए लेने के बाद तीनों से उसे ना तो रुपए लौटाए और ना पार्टस कारोबार में होने वाला मुनाफा दिया। रूपयों की मांग करने पर उसे धमकाया जा रहा था। जिसके चलते मोहित शर्मा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।

जहरीला पदार्थ खाने वाले नाबालिग की 3 दिन बाद मौत

उज्जैन। बड़नगर मार्ग ग्राम नलवा में रहने वाले हर्षित पिता अमरसिंह सिसौदिया 16 वर्ष ने तीन दिन पहले खेत पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार--रविवार रात उसकी मौत हो गई। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि हर्षित कक्षा 10 वीं में पढ़ता था। उसकी कुछ दिन पहले ही परीक्षा खत्म हुई है। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही छात्र के जहरीला पदार्थ खाकर जान का मामला स्पष्ट हो पायेगा।

रोटरी से टकराने के बाद आटो चालक की गई जान

उज्जैन। बीती रात नानाखेड़ा से सवारी छोड़कर लौट रहा आटो चालक हरिफाटक ब्रिज के पास क्षिप्रा ढाबे के सामने रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बीच में लगे बेरिकेट्स से निकलते समय रोटरी से टकरा गया। हादसे में आटो पलटी खा गई और चालक विशाल पिता राजाराम मालवीय 23 वर्ष निवासी केसरबाग कालोनी मक्सीरोड सिर में चोंट लगने पर घायल हो गया। नीलगंगा पुलिस को घटना का पता चलते ही मौके पर पहुंची। चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजन सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंच गये थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

आर्दश आचार संहिता का पालन करने के लिये मैदान में आई पुलिस

उज्जैन। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद लागू हुई आर्दश आचार संहिता का पालन करने के लिये पुलिस मैदान में आ गई है। रविवार को 15 वाहन चालको पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला। अब ढाई माह तक पुलिस लगातार नियमों का पालन करने लिये मुस्तैद दिखाई देगी। शनिवार को लोकसभा चुनावा की घोषण होने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई थी। जिसके बाद एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर एएसपी जयंतसिंह राठौर, यातायात एएसपी विक्रम कनपुरिया और यातायात पुलिस ने मैदान संभाल लिया। इस दौरान आचार 5 वाहनों पर लगे हुटर हटवाये गये। वहीं एक वाहन के कांच पर लगी काली फिल्म निकाली गई। 9 वाहनों पर नबंर प्लेट के स्थान पर पद पट्टिका और संस्था का उल्लेख पाये जाने पर हटाया गया और चालानी कार्रवाई करते हुए जुमार्ने की कार्रवाई की। आगामी दिनों में पुलिस द्वारा शहर के नाको और प्रमुख चौराहा पर चैकिंग अभियान की शुरूआत कर देगी। लोकसभा चुनाव सात चरणों में होना है। जिसके चलते ढाई माह तक पुलिस का अभियान मुस्तैदी से जारी रहेगा।

ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती से किसान परेशान, डीपी देने में भी आर्थिक शोषण

डीपी लेने जाने पर किसान को 500 रु. देने की बजाय उल्टा कतिपय लाइनमैन करते हैं शोषण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती से किसान परेशान हलाकान हो रहा है। मेहनत का परिणाम लेने में उसे विद्युत कंपनी परेशान कर रही है। खराब डीपी बदलने में किसान को डीपी ट्रांसपोर्टेशन के रूपए देने की बजाय उलटा आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर उर्फ डीपी के आसपास के क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर आया पैसा सीधे तौर पर हजम हो रहा है। मेंटेनेंस के अभाव में कई दुर्घटनाएं होती है।

जिले में वर्तमान में रबी की करीब 30-40 फीसदी फसल कट गई हैं। शेष फसल के काटने की तैयारी चल रही है। गेहूं की फसल हार्वेस्टर और थ्रेशर दोनों से ही निकाली जा रही है। कई क्षेत्रों में फसल में कम उत्पादन सामने होने पर कृषक हार्वेस्टर में खर्चा अधिक आंकते हुए थ्रेशर मशीन का उपयोग करने का विचार कर रहे हैं इसके चलते उन्हें बिजली नहीं मिल पा रही है। यही नहीं किसानों को डीपी जलने पर विद्युत कंपनी समय पर बदल कर नहीं दे रही है उसमें भी किसान को इंतजार करवाया जा रहा है और आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है। इसे लेकर किसान संघ पूर्व में ही अपनी आपत्ति जता चुका है लेकिन व्यवस्था ठीक होने का नाम नहीं ले रही है। किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमलसिंह आंजना ने अव्यवस्थाओं की पुष्टि करते हुए कहा आरोप लगाते हुए कहा है कि विद्युत कंपनी व्यवस्था सुधारने की ओर ध्यान ही नहीं देती है।

डीपी के नाम पर कृषक का शोषण

आंजना बताते हैं कि सीजन के पूर्व ही विद्युत कंपनी को जले डीपी सुधार कर स्टाक बना लेना चाहिए साथ ही नए भी उसमें। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम को लेकर संघ पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दे चुका है और देता रहा है लेकिन विद्युत कंपनी के अधिकारियों की मनमानी से कृषकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। डीपी जलने पर कृषक को कतिपय लाईन मेन डीपी की कमी बताकर जुगाड़ का कहते हैं और फिर कृषक से पैसा लेकर डीपी दिलवाते हैं इसमें मिलीभगत की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

किसानों एवं संघ की मांग पर दिन में कटौती

इधर सामने आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में विद्युत सप्लाय नहीं दी जा रही है। उसके पीछे कारण यह सामने आ रहा है कि जिले के किसानों की मांग एवं किसान संघ ने विद्युत कंपनी को लिखकर दिया है कि शार्ट सर्किट की घटनाओं को देखते हुए दिन में गर्मी के समय विद्युत सप्लाय नहीं दी जाए रात में ही पर्याप्त सप्लाय हो। इसके पीछे कारण यह सामने आ रहा है कि जिले भर की अधिकांश ट्रांसफार्मर उर्फ डीपी के आसपास तार झुलते रहते हैं ऐसे में दिन में गर्मी के दौरान हवा से शार्ट सर्किट की स्थिति में फसल में आग का खतरा ज्यादा रहता है। रात्रि के समय नमी होने से इस खतरे से थोडी राहत रहती है। आंजना बताते हैं कि वर्तमान में कृषकों को रात में काम करना पड रहा है। इस दौरान विद्युत कंपनी 10 घंटे थ्री फेस उपलब्ध करवा रही है। इसका उज्जैन जिले में अलग-अलग ग्रीड के फीडर पर समय है। एक ग्रीड पर दो फीडर हैं। पूर्व में 6 घंटे रात में और 4 घंटे दिन में थ्री फेस बिजली दी जा रही थी। इधर जिले के कई क्षेत्रों में कृषकों का आरोप है कि विद्युत कंपनी मात्र कागजों में 10 घंटे बिजली देने की बात कर रही है। इस दौरान दो से तीन बार और कई बार तो पांच बार तक कटौती की जा रही है। इससे कृषकों को समय के साथ ही धन की बबार्दी करना पड रही है। कृषकों को बिजली आने के इंतजार में निंद हराम हो रही है और किराए की थ्रेशर मशीन का किराया अलग बढ़ जाता है।

ये हैं डीपियों के हाल

आंजना बताते हैं कि हाल यह हैं कि 11 केवी लाईन के तार खेतों में सिर के आसपास तक झूल रहे हैं। इसके चलते हार्वेस्टर निकलना मुश्किल है। जंपर नहीं हैं। कट आउट नहीं हैं। डीपीयों के तार झूल रहे हैं जिनसे शार्ट सर्किट होना रोज का मामला हो चुका है। छोटी बड़ी सभी लाइन के एक से हाल हैं। विद्युत कंपनी के पास मेंटेनेंस का पैसा सभी क्षेत्रों में आने के बाद भी यह हाल अमूमन ग्रामीण क्षेत्र में आम हो चले हैं।

कृषक को स्वीकृत खर्च भी हजम

आंजना बताते हैं कि सरकारी नियमानुसार डीपी जलने पर कृषक उसका ट्रांसपोटेशन करते हुए ग्रीड तक ले जाता है। इसके लिए उसे नियमानुसार 500 रूपए दिए जाने चाहिए लेकिन उल्टा शार्टेज के नाम पर कृषक का ही आर्थिक शोषण किया जा रहा है। सीजन के समय कृत्रिम डीपी संकट बनाकर कृषकों की मजबूरी को केश किया जाता है। इसे लेकर विद्युत कंपनी को सुझावात्मक कई ज्ञापन देने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

शिप्रा नदी के घाटों पर सुरक्षा के साथ सुविधाओं का भी टोटा, लगाए गए टीन शेड भी पर्याप्त नहीं

रेलिंग भी नहीं लगी, आए दिन हो रहे हादसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी के सभी घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही यहां पर होने वाली सुविधाओं की भी कमी खल रही है यहां फैली अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कोई भी सुध नहीं ले रहा है। वर्तमान में नदी के घाटों की स्थिति यह है कि घाटों पर रेलिंग भी नहीं लगी है और महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए लगाए गए टीन शेड भी देखभाल के अभाव में दम तोड़ रहे हैं।

देखरेख के अभाव में तोड़ चुके हैं दम

यह महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के लिए लगाए गए कई टीन शेड के दरवाजे टूट गए हैं और वह टूटी-फूटी अवस्था में घाट पर ही पड़े हुए हैं। इस वजह से महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। या फिर स्नान के बाद महिलाएं कोने कुचाले में खुले में ही कपड़े बदलने को मजबूर है। रेलिंग भी नहीं लगी है पिछले दिनों रामघाट के समीप नरसिंह घाट की तरफ वाले कुछ घाटों पर रेलिंग लगाई गई थी। यहां लगाई गई रेलिंग घाट की सिढ़ी के ऊपर लगा दी है इस वजह से लोग घाट पर बैठकर स्नान भी नहीं कर पा रहे हैं और कुछ जगह रेलिंग लगाकर काम रोक दिया है। रेलिंग की जगह कुछ घाटों पर पाईप लगाकर उनमें रस्सी बांधकर इतिश्री कर दी है जबकि पिछले दिनों शिप्रा नदी में कई हादसे हो चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी प्रशासन नहीं संभाला है जब भी शिप्रा नदी में लोग स्नान के लिए पहुंचते हैं तो हादसे की आशंका बनी रहती है शिप्रा नदी के घाटों पर फैली अव्यवस्था की वजह से अभी तक नदी में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं वहीं सुरक्षा से लेकर सुविधाओं का नदी के घाटों पर हमेशा टूटा रहता है। सिंहस्थ को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा कई हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लेकिन शिप्रा के घाटों पर फैली अव्यवस्थाओं को लेकर अभी तक कोई कार्य योजना नहीं बनी है।

अब महाकाल की भस्मारती में सामान्य श्रद्धालु भी वीआईपी

भस्मारती में प्रवेश के लिए कम होगी जद्दोजहद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में हर दिन तड़के होने वाली भस्मारती में शामिल होने वाले सामान्य श्रद्धालुओं को भी अब वीआईपी श्रद्धालु होने का एहसास होगा। इसके साथ ही भस्मारती प्रवेश के लिए भी जद्दोजहद कुछ हद तक कम हो जाएगी।

दरअसल मंदिर प्रशासन ने भस्मारती के लिए प्रोटोकॉल की उन तीन सौ सीटों को सामान्य सीटों में परिवर्तित कर दिया है जो वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित रहा करती थी और इसके बाद अब सामान्य श्रद्धालुओं की निर्धारित सीटों के साथ ही तीन सौ पचास अतिरिक्त सामान्य श्रद्धालुओं को भी भस्मारती में प्रवेश दिया जा सकेगा। यह सब संभव हुआ है लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण। गौरतलब है कि मंदिर में प्रोटोकॉल के तहत राजनीतिक दलों के साथ ही अफसरों आदि के लिए तीन सौ पचास सीट आरक्षित रहती है लेकिन आचार संहिता लागू होने के बाद इन सीटों को भी सामान्य सीटों में बदल दिया गया है। इससे उन सामान्य श्रद्धालुओं को भी भस्मारती में शामिल होने का मौका मिल जाएगा जिन्हें सीट पहले से ही बुक होने के कारण भस्मारती दर्शन करने से वंचित रहना पड़ता था। हालांकि यह व्यवस्था लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक ही रहेगी लेकिन इतने दिनों तक भस्म आरती में शामिल होने के लिए होने वाली जद्दोजहद भी कुछ हद तक कम हो सकेगी। मंदिर प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद मंदिर में राजनीतिक दलों सहित अन्य प्रोटोकॉल को बंद कर दिया गया है। इसके तहत वीआईपी को दर्शन में दी जाने वाली विशेष सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। भस्म आरती अनुमति व्यवस्था में भी कोटा सिस्टम समाप्त हो गया हैं। प्रोटोकॉल के तहत दी जाने वाली करीब 350 अनुमति को सामान्य श्रेणी में शिफ्ट कर दिया गया है। अब आम और खास भक्तों को गणेश मंडपम के प्रथम बैरिकेड्स से एक साथ दर्शन होंगे।

कल होगी एक दिवसीय सरल मानक संस्कृत कार्यशाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के संस्कृत शिक्षण प्रशिक्षण ज्ञान विज्ञान संवर्द्धन केंद्र तथा भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार सीजी के संरक्षण में एकदिवसीय सरल मानक संस्कृत कार्यशाला का आयोजन 19 मार्च को प्रातः 10.30 बजे विश्वविद्यालय से संबद्ध श्रीपीतांबरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया मध्यप्रदेश में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य सरल मानक संस्कृत के स्वरूप से परिचित कराना तथा संस्कृत में अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में सौ से अधिक विद्यार्थी, शोधार्थी संस्कृत शिक्षक प्रतिभागिता करेंगे। कार्यशाला कुलसचिव प्रो.दिलीप सोनी के मार्गदर्शन तथा डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निदेशक, संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र के संयोजकत्त्व में आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र भार्गव ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन प्रातः 10.30 बजे होगा एवं सायं 6 बजे तक चार सत्र आयोजित होंगे। सहभागिता करने वालों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय से संसाधक के रूप में डॉ. उपेंद्र भार्गव ज्योतिष विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. दिनेश चौबे, डॉ.राजेश मंडल उपस्थित रहेंगे।

प्रातः 10.30 बजे विश्वविद्यालय से संबद्ध श्रीपीतांबरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय दतिया में होगा

बाइक-डंपर भिड़त में पुत्र की मौत के बाद घायल मां ने भी तोड़ा दम

रिश्ता देखने आगर जा रहे थे, 2 रिश्तेदार घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रिश्ता देखने के लिये परिवार के चार सदस्य बाइक पर सवार होकर आगर जा रहे थे। रास्ते में डंपर से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में चारों घायल हो गये। उन्हे डायल 100 से जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले एक की मौत हो गई। एक वृद्ध महिला की हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर रैफर किया गया, लेकिन कुछ दूर जाने पर ही वृद्धा की भी मौत हो गई।

ताजपुर चौपाटी का रहने वाला विवेक पिता विक्रम सूर्यवंशी अपनी मां शगुनबाई, सास लीलाबाई और रिश्तेदार गौरीशंकर के साथ बाइक पर सवार होकर गौरीशंकर के पुत्र का रिश्ता देखने के लिये आगर जा रहे थे। रविवार सुबह 10 बजे ग्राम तुलाहेड़ा जोड जीरो पाइंट पर उनकी भिड़ंत डंपर से हो गई। चारों गंभीर घायल हो गये थे। जिन्हे डायल 100 से पायलेट दिनेश कुमावत और सैनिक नटररसिंह जिला अस्पताल ले जाने के लिये रवाना हुए। लेकिन विवेक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। उसकी मां शगुनबाई की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से इंदौर रैफर किया गया। एम्बुलेंस इंदौर पहुंचती रास्ते में शगुनबाई की मौत हो गई। परिजन वापस जिला अस्पताल लौट आये। मामले में एसआई शैलेन्द्र अलावा ने बताया कि पुत्र की मौत के बाद मां की सांसे थमने पर दोनों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया। मृतक विवेक मजदूरी करता था और 2 बच्चों का पिता था। दुर्घटना में घायल गौरीशंकर और लीलाबाई का उपचार चल रहा है। मामले में डंपर चालक के खिलाफ प्रकण दर्ज किया गया है। जो मौके से डंपर लेकर भाग निकला था। जल्द चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दूध व्यवसायी की मौत के बाद भाई ने कराई थी बीमा पॉलिसी

26.44 लाख रुपए की राशि हड़पने वाले पुलिस रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के 26.44 लाख रुपए हड़पने के मामले का रविवार को खुलासा कर दिया गया। महिला और उसके साथी के साथ मृतक के भाई को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। तीनों की निशानदेही पर 10.50 लाख रुपए नगद, चैक बुक, एटीएम कार्ड और दस्तावेज बरामद किये जा चुके है।

शाजापुर के ग्राम सुनेरा में रहने वाली टीना उदासी ने कुछ दिन पहले एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा था और बताया था कि उसके पति रोहित उदासी की मृत्यु के बाद लाइफ इंश्योरेंस एचडीएफसी बैंक से कराई गई थी और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 26.44 लाख रुपए दूसरे व्यक्ति द्वारा प्राप्त कर लिये गये है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले की जांच माधवनगर थाना पुलिस को सौंपी। चार दिन पहले पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया और बरोठा हालमुकाम सीया की रहने वाली पूजा पति अनिल चौहान 32 वर्ष, धर्मेन्द्र पिता कमलसिंह सिसौदिया 32 वर्ष निवासी ग्राम दोन्ता मक्सी को हिरासत में लिया। पूछताछ में चौकाने वाली जानकारी सामने आई। दोनों ने बताया कि मामले में मृतक रोहित का भाई विनोद पिता अरुण उदासी 38 वर्ष ग्राम सुनेरा शाजापुर भी शामिल है। पुलिस ने विनोद को हिरासत में लेने के तीनों से इंश्योरेंस पॉलिसी के 10.50 लाख रुपए, चैक बुक, एटीएम कार्ड और फर्जी बनाए गये दस्तावेज बरामद कर लिये। रविवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्त में आये तीनों आरोपितों को पूछताछ के लिये न्यायालय से रिमांड पर लिया गया है। पॉलिसी की राशि प्राप्त करने के लिये पूजा चौहान ने फर्जी दस्तावेजों में खुद को नामिनी बताया था और पॉलिसी की राशि का चैक मिलने के बाद देवास में इंक्वेटस स्मॉल फायनेंस बैंक में फर्जी खाता खुलवा लिया था। 16 फरवरी को 9.90 लाख खाते से निकाल लिये थे। वहीं दूसरे दिन फिर से 9.90 लाख रुपए निकाले गये। 6.64 लाख खाते में जमा थे। जिसे पुलिस ने होल्ड कराया है।

टीना के आधार कार्ड पर लगाया अपना फोटो

इंश्योरेंस कंपनी से 26.44 लाख की राशि का चैक प्राप्त करने के लिये पूजा चौहान ने विनोद की मदद से प्राप्त किये टीना के आधार और पेनकार्ड पर जालसाजी करते हुए अपना फोटो लगा लिया और मृतक की पत्नी टीना बनकर फर्जी हस्ताक्षर से चैक प्राप्त कर लिया। उसने धर्मेन्द्र के साथ मिलकर 19.80 लाख रुपए निकाल लिये। लेकिन विनोद को कुछ नहीं दिया। पॉलिसी के पैसे नहीं मिलने पर विनोद ने अपनी भाभी टीना को पूरा मामला बता दिया। मृतक पति के नाम से फर्जी पॉलिसी कराकर लाखों हड़पने का पता चलते ही टीना उदासी ने मामले की शिकायत एसपी कार्यालय पहुंचकर दर्ज कराई थी।

पत्नी ने दी थी किडनी भाई ने लगाया था पैसा

एसआई पवन वास्कले ने बताया कि रोहित उदासी दूध का व्यवसाय करता था, वह काफी समय से बीमार चल रहा था। उसके छोटे भाई ने बीमारी के चलते रुपए लागए थे। रोहित की पत्नी ने अपनी एक किडनी पति को दी थी। लगातार उपचार के बाद 1 जून 2023 को रोहित की मौत हो गई। रोहित की बीमारी में पैसा अधिक लगने पर भूसे का कारोबार करने वाले छोटे भाई विनोद ने षड़यंत्र रचा और पूजा चौहान, धर्मेन्द्र सिसौदिया के साथ मिलकर फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी कराने की योजना बनाई। जिसके चलते मृतक की पत्नी टीना से कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिये और उसका आधार-पेन कार्ड ले लिया। चार दिन बाद उन्होने ऑनलाइन पॉलिसी करा ली। 5 जून को विनोद ने भाई की मृत्यु का प्रमाण पत्र बनवा लिया। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने कुछ दिन में रोहित की मौत होने पर पॉलिसी निरस्त कर दी। जिस पर विनोद ने बीमा लोकपाल कार्यालय भोपाल (उपभोक्ता फोरम) में क्लेम कर दिया। जहां से फरवरी माह में इंश्योरेंस राशि देने के आदेश एचडीएफसी को दिये गये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com